तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **जसवंत सिंह** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353964986445108	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25/11/25	अपीलार्थी जसंवत सिंह निवासी गली न. 4, नयापुरा मण्डोर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर दिनांक 23.07.2025 को खसरा संख्या 497, 500, 504 में पिछले यानी 2000–2025 तक की गई म्यूटेशन संवत (2057 से 82) की सम्पूर्ण पत्रावली मय चौसला की सूचना लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) से चाही तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.11.25 17:47:32 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19037631